20.03.2026 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 2.10 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उत्तर प्रदेश दौरे के तीसरे और अंतिम दिन आज मथुरा के गोवर्धन में दानघाटी मंदिर में पूजा–अर्चना की। उन्होंने पारंपरिक गोवर्धन परिक्रमा भी की। इससे पहले राष्ट्रपति ने गुरुवार को चैत्र नवरात्र के पहले दिन अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने वृंदावन के इस्कॉन मंदिर और प्रेम मंदिर में पूजा–अर्चना की। राष्ट्रपति ने कल रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम में कैंसर के निदान और उपचार के लिए विशेष ब्लॉक का भी उद्‌घाटन किया।

प्रधानमंत्री–नवरोज़–ईद

उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने पारसी नव वर्ष नवरोज़ के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दीं हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उपराष्ट्रपति ने कामना की कि यह त्योहार सभी के लिए अपार सुख, समृद्धि और अच्छा स्वास्थ्य लेकर आए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईद और नवरोज की शुभकामनाएं देते हुए सभी के अच्छे स्वास्थ्य और सभी आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना की। श्री मोदी ने ईद त्योहार के अवसर पर आपसी भाईचारे और दया की भावना मजबूत होने की कामना की।

ईद पर्व

संपूर्ण मध्य प्रदेश में आज ईद–उल–फितर का पावन पर्व अपार श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। राजधानी भोपाल से लेकर संस्कारधानी जबलपुर तक प्रदेश के समस्त जिलों में ईदगाहों और मस्जिदों में विशेष नमाज संपन्न हुई। जबलपुर स्थित रानीताल ईदगाह में मुख्य आयोजन हुआ। नर्मदापुरम, नीमच, सतना, बड़वानी, सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संपूर्ण प्रदेश में पुलिस प्रशासन पूर्णतः सतर्क है, जिसके परिणामस्वरूप यह पर्व शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो रहा है।

मुख्यमंत्री इन्वेस्ट मप्र

राजस्थान की राजधानी जयपुर में आज 'इंटरैक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन मध्यप्रदेश' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश अपनी नीतिगत स्पष्टता, त्वरित निर्णय क्षमता और सुदृढ़ बुनियादी ढांचे (इन्फ्रास्ट्रक्चर) के बल पर देश में निवेश का सबसे विश्वसनीय केंद्र बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को प्राथमिकता दे रही है, जिससे विकास को नई गति और व्यापार को विस्तार मिल रहा है। सत्र के दौरान डॉ. यादव प्रमुख उद्योगपतियों के साथ सीधा संवाद कर रहे हैं। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य राजस्थान और देश के अन्य बड़े निवेशकों को मध्यप्रदेश के स्वर्णिम भविष्य के साथ जोड़ना है।

बेमौसम बारिश नुकसान

प्रदेश के कई जिलों में कल रात हुए मौसम परिवर्तन ने अन्नदाताओं की चिंता बढ़ा दी है। छतरपुर जिले के बिजावर, नौगांव और बड़ा मलहरा तहसील क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ हुई मूसलाधार बारिश ने खेतों में खड़ी और कटी हुई फसलों को भारी क्षति पहुँचाई है। गेहूं, चना और सरसों की फसलें खेतों में बिछ गई हैं, जिससे किसानों को बड़े आर्थिक नुकसान की आशंका है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे राज्य सरकारों के साथ समन्वय स्थापित कर फसल क्षति का अविलंब और सटीक आकलन सुनिश्चित करें ताकि पीड़ित किसानों को समय पर राहत राशि वितरित की जा सके।

संघर्ष

पश्चिम एशिया में संघर्ष चरम पर पहुँच गया है। इजरायली सेना ने लेबनान की राजधानी बेरूत स्थित हिजबुल्लाह के कमान केंद्रों पर भीषण हवाई हमले किए हैं, जिससे अब तक ''7.60 लाख'' से अधिक लोग विस्थापित हाने का दावा किया गया है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने युद्धविराम का विरोध करते हुए रणनीतिक लक्ष्यों की

समाचार संक्षेप में...

- नीमच में अवैध खनन पर कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने कार्रवाई करते हुए वाहन मालिक और चालक पर 9 लाख रुपये जुर्माना लगाया है।
- छतरपुर के संदीपनि विद्यालयों में केजी–1 से कक्षा–1 तक की प्रवेश प्रक्रिया 23 मार्च से शुरू होगी, जिसके लिए फॉर्म 31 मार्च तक जमा किए जा सकेंगे।
- एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने हेतु सतना और मैहर में एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है।